06 सन्मार्ग कोलकाता
मंगलवार, 21 जून, 2022

उपेक्षा : सरकारी उपेक्षा का दंश झेल रहा है बिरलापुर विद्यालय एचएस

'केवाईसी मानदंडों को युक्तिसंगत बनाना' विषय पर विशेष सत्र

कोलकाता : कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से 'केवाईसी मानदंडों को युक्तिसंगत बनाना' विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुमेधा फिस्कल सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक बिजय मुरमुरिया, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के फाइनेंशियल क्राइम कंप्लायंस रिस्क स्पेशलिस्ट जयदीप चौधरी और बंधन बैंक के मुख्य अधिकारी और एंटी मनी लांड्रिंग यूनिट के मुख्य प्रशांत सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस सत्र में शामिल हुए सभी अतिथियों ने केवाईसी वे विनियमों के महत्वपूर्ण और प्रमुख मुद्दों को रेखांकित किया। सुमेधा फिस्कल सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक बिजय मुरमुरिया ने कहा कि केवाईसी कहीं भी और किसी की भी पहचान करने में मदद करता है। इसके साथ ही मनी लांड्रिंग का बचाव करने और अन्य अपराधिक गतिविधियों को रोकने में भी मदद करता है। उन्होंने कहा कि 9/11 के बात टास्क फोर्स के दिशा निर्देशों के अनुसार हर देश को अपनी केवाईसी नीतियों को मजबूत करना चाहिए। वहीं बंधन बैंक के मुख्य अधिकारी और एंटी मनी लांड्रिंग यूनिट के मुख्य प्रशांत सिन्हा ने कहा कि एफएटीएफ नियमों के अनुसार केवाईसी हर देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। ग्राहकों के जोखिम की बात करें तो उसके लिए बैंक हर 2 साल में फ्री केवाईसी करेगा, यह जानने के लिए कि ग्राहक किसी भी दुरुपयोग, धोखाधड़ी या किसी अन्य चीज के लिए अपने खाते का उपयोग तो नहीं कर रहा है। इस अवसर पर कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स की अध्यक्ष अध्यक्ष शैलजा मेहता ने स्वागत भाषण दिया। वहीं कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष हरि शंकर हलवासिया ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।